भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

वित्तीय सेवाएं विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2980

जिसका उत्तर मंगलवार, 19 अगस्त, 2025/28 श्रावण, 1947 (शक) को दिया गया

बीमा सखी पहल

2980. श्रीमती संगीता यादव:

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार द्वारा हाल ही में आरंभ की गई बीमा सखी पहल का ब्यौरा क्या है;

(ख) यह पहल युवाओं को रोजगार देने में किस प्रकार सहायक होगी और उनका वेतन कितना होगा;

(ग) क्या बीमा सखियां एलआईसी में विकास अधिकारी के रूप में आमेलन के लिए पात्र हैं; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)

(क) से (घ): जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की बीमा सखी–"महिला कैरियर एजेंट (एमसीए) योजना" का शुभारंभ 9 दिसंबर 2024 को किया गया था। इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में और वहां विद्यमान महिलाओं को रोज़गार के अवसर और वित्तीय स्वतंत्रता उपलब्ध कराते हुए वित्तीय साक्षरता और बीमा जागरूकता बढ़ाना है। दिनांक 07.08.2025 की स्थिति के अनुसार, देश में बीमा सखियों की कुल संख्या 2,20,339 हैं।

एलआईसी बीमा सखियों को जीवन बीमा एजेंसी कैरियर बनाने के लिए सहायता देने के उद्देश्य से उनकी नियुक्ति से प्रथम 3 वर्षों के लिए वृत्तिका (स्टाइपेंड) प्रदान करता है। वृत्तिका (स्टाइपेंड) की राशि पहले वर्ष में प्रति माह 7000/- रुपए से लेकर तीसरे वर्ष 5000/-रुपए हो जाती है। ये उनके द्वारा बेची गई पॉलिसियों के लिए उन्हें प्राप्त कमीशन के अतिरिक्त है।

एलआईसी बीमा सखियों को कार्यनिष्पादन पर आधारित विभिन्न प्रोत्साहनों के माध्यम से अपने कैरियर को आगे बढ़ाने का अवसर प्रदान करती है। वे बीमा सखी जिन्हें स्नातक की उपाधि प्राप्त है, 5 वर्ष पूरा होने के पश्चात् पात्रता मानदंड पूरा किए जाने पर एलआईसी के प्रशिक्षु विकास अधिकारी (अप्रेंटिस डिवलपमेंट ऑफिसर) के पद की भर्ती प्रक्रिया में भागीदार बन सकती है।

*****